अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

# दृष्टि at a glance... IAS / PCS ACADEMY

# Master in Current Affairs

## TOP 10 News Analysis with MCQs

29 NOV. 2023

USEFUL FOR



# IAS | PCS

## & other civil services exams


**Sunil Lawania**

(Managing Director)

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza,
Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

**1. न्यूजीलैंड सरकार ने धूम्रपान कानून बदला**



- 27 नवंबर को न्यूजीलैंड में नव निर्वाचित क्रिस्टोफन लक्सन ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली।
- इस दौरान उन्होंने न्यूजीलैंड में युवाओं के सिगरेट पीने पर आजीवन प्रतिबंध हटाने की घोषणा कर दी है।
- पीएम क्रिस्टोफन लक्सन ने बताया कि उनकी पहली प्राथमिकता अर्थव्यवस्था में सुधार करना और मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाना है।
- न्यूजीलैंड के तत्कालीन प्रधानमंत्री जैसिंडा अर्डर्न ने दिसंबर 2022 में युवाओं के धूम्रपान को लेकर प्रतिबंध लगाया था।
- उन्होंने तम्बाकू-सिगरेट को बैन करने वाला 'स्मोक फ्री एनवायरनमेंट' कानून पास कराया था।
- इसके तहत साल 2008 के बाद जन्मे लोग किसी भी तरह के स्मोकिंग प्रोडक्ट्स नहीं खरीद सकते थे।
- इस कानून के तहत 1 जनवरी 2009 के बाद पैदा हुए किसी भी युवक को कभी भी तंबाकू नहीं बेचा जा सकेगा।

**2. मैक्स वेरस्टैपेन ने अबू धाबी ग्रांड प्रिक्स जीता**




- 26 नवंबर को अबू धाबी में Formula-1 रेस के ग्रैंड प्रिक्स फिनाले का आयोजन किया गया।
- इस टूर्नामेंट में Red Bull के मैक्स वेरस्टैपेन ने रेसिंग चैंपियनशिप जीकर ट्रॉफी अपने नाम की है।
- वेरस्टैपेन एक ही चैंपियनशिप में 1,000 रेसिंग लैप्स कम्पलीट वाले पहले ड्राइवर भी बन गए हैं।
- उन्होंने रिकॉर्ड 575 अंक बनाए और इस साल के आखिर तक 86.4% की दर के साथ रिकॉर्ड जीत हासिल की।

**3. कलक्कड़ मुंडनथुराई टाइगर रिजर्व में टाइगर रिजर्व में एक नई पौधे की प्रजाति की खोज की**



- शोधकर्ताओं ने तिरुनेलवेली के कलक्कड़ मुंडनथुराई टाइगर रिजर्व में जीनस 'इम्पेतिएन्स'-बाल्सामिनेसी में एक नई पौधे की प्रजाति की खोज की है.
- एस. करुप्पुसामी के नाम पर इस प्रजाति का नाम 'इम्पेतिन्स करुप्पुसाम्यि' रखा गया है.
- यह पौधा केवल दक्षिणी पश्चिमी घाट के अगस्त्यमलाई क्षेत्र में पाया जाता है.

**4. केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने वाराणसी के रविदास घाट पर CNG और MRU स्टेशन का उद्घाटन**



- केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने वाराणसी के रविदास घाट पर GAIL के फ्लोटिंग CNG और मोबाईल रिफ्यूलिंग यूनिट (MRU) स्टेशन का उद्घाटन किया है।
- करीब 18 करोड़ की लागत से विकसित देश के पहले फ्लोटिंग स्टेशन को गंगा नदी में एक से दूसरी जगह शिफ्ट किया जा सकेगा।
- उद्घाटन के मौके पर केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी (दाएं), GAIL के अध्यक्ष एवं MD संदीप गुप्ता (मध्य) और मार्केटिंग डायरेक्टर संजय कुमार (बाएं) मौजूद रहे।
- CNG स्टेशन से गंगा में चलने वाली बोट्स को रिफ्यूलिंग के लिए दूर जाने की समस्या से छुटकारा मिलेगा।
- रविदास घाट से स्टेशन में CNG नमो घाट से कैस्केड से भरकर पहुंचाई जाएगी।

5. **Supreme Court परिसर में आजादी के 76 साल बाद स्थापित हुई अंबेडकर की प्रतिमा**



- संविधान दिवस के मौके पर रविवार को सुप्रीम कोर्ट परिसर में संविधान के पिता कहे जानें वाले डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का उद्घाटन किया।
- इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु , मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, एवं केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल समेत कई लोग मौजूद रहें।
- इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 7 फीट ऊंची प्रतिमा पर फूल अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।
- इसके बाद राष्ट्रपति मुर्मु और सीजेआई चंद्रचूड़ ने पौधारोपण किया।

6. **स्मृति ईरानी ने दिव्यांग बच्चों के लिए आंगनवाड़ी प्रोटोकॉल पर राष्ट्रीय आउटरीच कार्यक्रम शुरू किया**



- केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने दिव्यांग बच्चों के लिए आंगनवाड़ी प्रोटोकॉल पर राष्ट्रीय आउटरीच कार्यक्रम शुरू किया.
- इस प्रोटोकॉल में दिव्यांगजन के समावेशी पोषण देखभाल के लिए एक सामाजिक मॉडल अपनाया गया है.
- इस प्रोटोकॉल का उद्देश्य विकलांग शिशुओं और छोटे बच्चों के समग्र विकास को सुनिश्चित करना है.

7. **केरल के रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म (आरटी) मिशन ने संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन की केस स्टडीज की वैश्विक सूची में जगह बनाई**



- केरल के रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म (आरटी) मिशन ने संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन (यूएनडब्ल्यूटीओ) की केस स्टडीज की वैश्विक सूची में जगह बनाई है, जिससे जमीनी स्तर के विकास के लिए राज्य के अभिनव कार्यक्रम के लिए एक और प्रशंसा अर्जित हुई है।
- यूएनडब्ल्यूटीओ ने कहा कि केरल पर्यटन राज्य में यात्रा उद्योग को बढ़ावा देते हुए विश्व निकाय के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को बनाए रखने में सफल रहा है।
- आरटी गंतव्यों को बढ़ावा देते हुए स्थानीय संसाधनों और उत्पादों को नियोजित करने के लिए केरल का हवाला दिया गया है, इस प्रकार एसडीजी को साकार करने की दिशा में अपने उद्देश्यों को लागू करने के लिए संसाधन ढूंढे जा रहे हैं।

8. **ओडिशा में एशिया के सबसे बड़े ओपन-एयर वार्षिक व्यापार मेले 'बाली यात्रा' का उद्घाटन किया**



- ओडिशा की गौरवशाली प्राचीन समुद्री विरासत की स्मृति में एशिया के सबसे बड़े ओपन-एयर वार्षिक व्यापार मेले बाली यात्रा (Bali Jatra) का कटक में महानदी के तट पर उद्घाटन किया गया.
- इस साल यह त्योहार कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर शुरू हुआ और अगले महीने 4 दिसंबर तक चलेगा.

9. **इंडिगो ने ग्राहकों को फ्लाइट टिकट बुकिंग में मदद के लिए एआई चैटबॉट लांच किया**



- इंडिगो की मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन लिमिटेड ने अपने ग्राहक सेवा अनुभव को बेहतर बनाने के लिए एआई चैटबॉट 6Eskai पेश किया है.
- इसकी मदद से ग्राहकों को फ्लाइट टिकट बुकिंग में मदद मिलेगी.
- इंटरग्लोब एविएशन लिमिटेड, इंडिगो के रूप में ऑपरेट करती है और यह भारत की कम लागत वाली एयरलाइन है.
- इसका मुख्यालय गुरुग्राम, हरियाणा में है.

**10. लौरा वोल्वार्ट को दक्षिण अफ्रीका की महिला क्रिकेट टीम के तीनों फॉर्मेट का कप्तान बनाया**



- लौरा वोल्वार्ट (Laura Wolvaardt) को पूर्णकालिक दक्षिण अफ्रीकी महिला कप्तान नियुक्त किया गया है.
- 24 वर्षीय वोल्वार्ट खेल के तीनों फॉर्मेट (T20I, वनडे और टेस्ट) में दक्षिण अफ्रीकी महिला टीम का नेतृत्व करेंगी.
- लौरा वोल्वार्ट भारत की महिला प्रीमियर लीग (WPL) में गुजरात जायंट्स की तरफ से खेलती है.

# CURRENT AFFAIRS QUIZ

1. **किस देश की सरकार ने धूम्रपान कानून बदल दिया है?**
   (a) जापान
   (b) वियतनाम
   (c) न्यूजीलैंड
   (d) इनमें से कोई नहीं
2. **हाल ही में किसने अबू धाबी में Formula-1 रेस के ग्रैंड प्रिक्स फिनाले जीता?**
   (a) ऑस्कर पियास्त्री
   (b) मैक्स वेरस्टैपेन
   (c) लोगान सार्जेंट
   (d) इनमें से कोई नहीं
3. **शोधकर्ताओं ने हाल ही में किस टाइगर रिजर्व में एक नई पौधे की प्रजाति की खोज की है?**
   (a) कान्हा टाइगर रिजर्व
   (b) कलक्कड़ मुंडनथुराई टाइगर रिजर्व
   (c) सरिस्का टाइगर रिजर्व
   (d) मेलघाट टाइगर रिजर्व
4. **हाल ही में किसने वाराणसी के रविदास घाट पर GAIL के फ्लोटिंग CNG और मोबाईल रिफ्यूलिंग यूनिट (MRU) स्टेशन का उद्घाटन किया है?**
   (a) हरदीप सिंह पुरी
   (b) नितिन जयराम गडकरी
   (c) मनसुख एल. मांडविया
   (d) इनमें से कोई नहीं
5. **संविधान दिवस के अवसर पर निम्न में से किस स्थान पर बीआर अंबेडकर की 7 फीट से अधिक ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया गया?**
   (a) लोकसभा
   (b) राज्यसभा
   (c) सुप्रीम कोर्ट
   (d) दिल्ली विधानसभा
6. **किस केन्द्रीय मंत्री ने दिव्यांग बच्चों के लिए आंगनवाड़ी प्रोटोकॉल पर राष्ट्रीय आउटरीच कार्यक्रम की शुरुआत की?**
   (a) राजनाथ सिंह
   (b) अनुराग ठाकुर
   (c) धर्मेन्द्र प्रधान
   (d) स्मृति ईरानी
7. **किस राज्य के पर्यटन मिशन ने संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन की केस स्टडीज की वैश्विक सूची में अपनी जगह बनाई है?**
   (a) ओडिशा
   (b) केरल
   (c) गोवा
   (d) सिक्किम
8. **एशिया के सबसे बड़े ओपन-एयर वार्षिक व्यापार मेले 'बाली यात्रा' का उद्घाटन किस राज्य में किया गया?**
   (a) उत्तर प्रदेश
   (b) राजस्थान
   (c) ओडिशा
   (d) बिहार
9. **किस एयरलाइन ने हाल ही में ग्राहकों को फ्लाइट टिकट बुकिंग में मदद के लिए एआई चैटबॉट लांच किया है?**
   (a) इंडिगो
   (b) एयर इंडिया
   (c) विस्तारा
   (d) स्पाइस जेट
10. **किसे हाल ही में दक्षिण अफ्रीका की महिला क्रिकेट टीम के तीनों फॉर्मेट का कप्तान बनाया गया है?**
   (a) मिग्नॉन डु प्रीज़
   (b) मैरिज़ेन कप्प
   (c) शबनीम इस्माइल
   (d) लौरा वोल्वार्ट

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (c) | (b) | (b) | (a) | (c) | (d) | (b) | (c) | (a) | (d) |